# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य निदेशालय
### आदेश

आ0सं0–6 / एन0–08–52 / 2020–......... / पटना–15, दिनांक–..................................

विभागीय आदेश ज्ञापांक–1062(6), दिनांक–23.09.2020 द्वारा नर्सेज ट्रेनिंग रिकोगनिशन, एफिलिएशन एवं कंडक्ट ऑफ एक्जामिनेशन्स ऑफ नर्सिंग रूल्स, 1997 के नियम–4(ii) के आलोक में ईस्ट एन वेस्ट फाउण्डेशन ट्रस्ट, बोरिंग रोड, पटना–800001 द्वारा प्रस्तावित रामचन्द्र विद्यापीठ, एस0एच0–59, नारायण बिहार, सोहा, सोनबरसा राज, सहरसा–852129 को ए0एन0एम0 पाठ्यक्रम की स्थापना के लिए अनुमति प्रदान किया गया।

2 – विभागीय आदेश ज्ञापांक–187(6), दिनांक–12.02.2021 द्वारा संस्थान को मान्यता प्रदान किए जाने हेतु डॉ0 देवेन्द्र कुमार गुप्ता, अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष के पत्रांक–25 / अ0नि0को0, दिनांक–24.02.2021 द्वारा भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध भौतिक संसाधनों, मानव संसाधनों तथा अन्य सुविधाओं की जांच एवं निरीक्षण कर प्रतिवेदन समर्पित किया गया।

**3 – विशेषज्ञ समिति के अनुशंसा के आलोक में** सम्यक् विचारोपरान्त **रामचन्द्र विद्यापीठ, एस0एच0–59, नारायण बिहार, सोहा, सोनबरसा राज, सहरसा–852129** को **नर्सेज ट्रेनिंग रिकोगनिशन, एफिलिएशन एवं कंडक्ट ऑफ एक्जामिनेशन्स ऑफ नर्सिंग रूल्स, 1997 के नियम–4 (iii)** के आलोक में **ए0एन0एम0 पाठयक्रम में 60 (साठ) सीटो पर नामांकन लेने हेतु** एक सत्र के लिए **निम्न शर्तो** पर मान्यता प्रदान की **जाती है:–**

(क) संस्थान भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों / निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए संचालित की जायेगी।

(ख) नर्सेज ट्रेनिंग रिकोगनिशन, एफिलिएशन एवं कंडक्ट ऑफ एक्जामिनेशन्स ऑफ नर्सिंग रूल्स, 1997 एवं समय–समय पर सरकार द्वारा लागू की गयी नियमावली में निहित प्रावधानों का अनुपालन संस्थान द्वारा किया जायेगा। भारतीय उपचर्या परिषद् की अर्हताओं की अवहेलना होते ही संस्थान की मान्यता रद्द कर दी जायेगी।

(ग) उक्त संस्थान भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली द्वारा निर्गत अद्यतन दिशा–निर्देश के आलोक में अपना Suitability प्राप्त कर लेंगे।

(घ) कुल आवंटित सीटों में से 50% छात्र / छात्राओं का नामांकन सरकार के निर्णयानुसार की जायेगी।

(ड़) नर्सिंग संस्थान बिहार परिचारिका निबंधन परिषद, पटना / बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, मीठापुर फॉर्म एरिया, मीठापुर, पटना से संबद्धता प्राप्त कर लेगी।

(च) संस्थान की प्रशासी इकाई में (i) क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, कोसी प्रमंडल, सहरसा (ii) असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहरसा तथा (iii) अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहरसा को सदस्य मनोनीत किया जाता है।

4 – इसमें माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –
(डॉ0 सुनील कुमार झा)
निदेशक प्रमुख,
स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना।

क्रमश

ज्ञापांक : 6/एन0–08–52/2020.....74(6)                    पटना दिनांक 10/01/2024

**प्रतिलिपिः–** सचिव, भारतीय उपचर्या परिषद्, 8वां तल्ल, एन0बी0सी0सी0 सेंटर, प्लॉट नं0–2, कम्यूनिटी सेंटर, ओखला फेज–01, नई दिल्ली–110020/निबंधक, बिहार परिचारिका निबंधन परिषद, पटना/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, कोशी प्रमंडल, सहरसा/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहरसा/अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** जिला पदाधिकारी, सहरसा को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** परीक्षा नियंत्रक, स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** विशेष कार्य पदाधिकारी, बी0सी0ई0सी0ई0बोर्ड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** निबंधक, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, मीठापुर फॉर्म एरिया, मीठापुर, पटना–800001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** अध्यक्ष, ईस्ट एन वेस्ट फाउण्डेशन ट्रस्ट, तीसरा तल्ला, स्टील हाउस, एस0के0 पूरी पूलिस चेक पोस्ट, बोरिंग रोड, पटना–800001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/1/24

निदेशक प्रमुख,<br>
स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना।

# बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना

नया सचिवालय, तीसरा तल्ला, कमरा संख्या 330 (A)
बेली रोड, पटना 800 015, (बिहार)
फोन नंबर: 0612-2215001 ईमेल आई.डी.: registar.bnrc@gmail.com

सं०सं० 01/बी.एन.आर.सी./2024/........ दिनांक......../......../2024

—:: सहमति पत्र ::—

प्रेषक,

श्रीमती निर्जला कुमारी
निबंधक,
बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना।

सेवा में,

सचिव,
रामचन्द्र विद्यापीठ, एस0एच0–59, नारायण बिहार, रोहा, सोनबरसा राज, सहरसा–852129

विषय :— सहमति पत्र के संबंध में।

प्रसंग :— स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के आदेश ज्ञापांक 74(6), दिनांक–10.01.2024

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषयक, आपके पत्रांक RV/24/202, दिनांक 11.01.2024 के आलोक में सूचित करना है कि स्वास्थ्य निदेशालय, बिहार सरकार आदेश ज्ञापांक 74(6), दिनांक–10.01.2024 के द्वारा आपके प्रशिक्षण संस्थान को ए0एन0एम0 पाठ्यक्रम में 60(साठ) सीटों पर नामांकन लेने हेतु एक सत्र के लिए मान्यता प्रदान की गई है। भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली के पत्रांक–1-6/LT/2023-INC, Dated 31-10 -2023 के आलोक में सत्र–2023–24 के नामांकन कि तिथि 31.11. 2023 निर्धारित थी।

**2**–आपके संस्थान को ए0एन0एम0 पाठ्यक्रम को इस शर्त के साथ एक सत्र(2023–24) के लिए सहमत्ति प्रदान कि जाती है कि भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली के Guidelines के अनुसार अक्टुबर–2024 के लिए आयोजित परीक्षा के पूर्व छात्र/छात्राओं का प्रशिक्षण नियमानुसार 11(ग्यारह) माह की उपस्थिति आनिवार्य है।

अतः विभागीय आदेश ज्ञापांक–74(6), दिनांक–10.01.2024 के द्वारा आपके संस्थान को निर्गत मान्यता के आलोक में एक सत्र (2023–24) का सहमति उपरोक्त शर्त के साथ प्रदान किया जाता है।

3–यह आदेश आपके संस्थान को दी गई मान्यता कि तिथि से प्रभावी होगा।

4–उपरोक्त प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(निर्जला कुमारी)
निबंधक

ज्ञापांक–सं0सं0–01/बी.एन.आर.सी./2024 156 /स्वा0, पटना, दिनांक 20/01/2024

प्रतिलिपिः– सचिव, भारतीय उपचर्या परिषद, नई दिल्ली, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– निबंधक, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– निदेशक प्रमुख(नर्सिंग)–सह–अध्यक्ष, बिहार परिचारिका निबंधन परिषद, पटना, को सूचनार्थ प्रेषित।

निबंधक